# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (21.04.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:21.04.2025, PAGE-04**



### बीआरएबीयू में एनएसएस ने चलाया स्वच्छता अभियान

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में रविवार को एनएसएस की तरफ से स्वच्छता अभियान चलाया गया। विवि एनएसएस समन्वयक डॉ. अनुराधा पाठक ने बताया कि अभियान में पांच कॉलेजों के 60 एनएसएस वॉलंटियर ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने भी हाथ बंटाया। विवि में हर रविवार को यह अभियान चलाया जायेगा। पहले दिन विवि गेस्ट हाउस की सफाई की गई। इस मौके पर डॉ. अमर बहादुर शुक्ला, डॉ. अनुराधा सिंह आदि मौजूद रहे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 21.04.2025, PAGE-04**

# स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण आदत इसे सभी अपनाएं : प्रो. राय

**सभी कालेजों में रविवार को एनएसएस के सहयोग से चलेगा स्वच्छता अभियान, कुलपति ने झाड़ू लगाकर की शुरुआत**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में रविवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो. डीसी राय ने झाड़ू लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। गेस्ट हाउस से स्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई। साथ में गेस्ट हाउस इंचार्ज डा. अमर बहादुर शुक्ला समेत अन्य उपस्थित हुए। कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण आदत है। इसे हर किसी को अपनाना चाहिए। स्वच्छता से कार्यों में उत्पादकता बढ़ती है। स्वच्छता हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को एनएसएस के सहयोग से सभी महाविद्यालयों में संचालित किया जाएगा। इसे रविवार को सभी कालेजों में एनएसएस के सहयोग से संचालित किए जाने की योजना है। विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक डा. अनुराधा पाठक ने स्वच्छता अभियान का संचालन करते हुए कहा कि एनएसएस की ओर से स्वच्छता अभियान इसके महत्व को उजागर करता है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है। अभियान में एमडीडीएम कालेज की एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. अनुराधा सिंह, डा. अशोक निगम, डा. शारदानंद साहनी समेत अन्य उपस्थित हुए। अभियान में एलएस, आरडीएस, एमडीडीएम, आरबीबीएम, रामेश्वर कालेज समेत अन्य संस्थानों के 60 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। स्वच्छता अभियान का आरंभ कुलगीत से हुआ।



झाड़ू लगाते कुलपति • जागरण

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 21.04.205, PAGE-04


# स्नातक नामांकन पोर्टल से बाहर हुए एक दर्जन से अधिक कालेज

## कालेजों के संबंधन पर निर्णय नहीं, 2025-29 के लिए आवेदन शुरू

**4** वर्षीय स्नातक नामांकन प्रक्रिया में छात्र-छात्राओं को नहीं मिल रहे विकल्प

**1** कालेज हर प्रखंड में अनिवार्य राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए निर्देश



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में संबंधन पर निर्णय नहीं होने के कारण नए सत्र में स्नातक नामांकन की प्रक्रिया से एक दर्जन से अधिक कालेज बाहर हो गए हैं। स्नातक नामांकन पोर्टल से इन कालेजों के नाम हटा दिए गए हैं। चार वर्षीय स्नातक कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन की शुरुआत हो गई है। सत्र 2025-29 में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय का पोर्टल खोला जा चुका है, लेकिन छात्र-छात्राओं को इन कालेजों का विकल्प नहीं मिल रहा है। ऐसे में दूरदराज क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं के लिए नजदीकी कालेजों में नामांकन पाना काफी मुश्किल हो सकता है। इन कालेजों में कई ऐसे हैं जो अपने प्रखंड के इकलौते कालेज हैं। इन कालेजों में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं नामांकन लेते हैं। मौजूदा सत्र के लिए अब तक कालेजों के संबंधन विस्तार या स्थायी संबंधन पर फैसला नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अब कालेज संचालकों की भी बेचैनी बढ़ गई है। एक दर्जन से अधिक कालेजों को सबसे पहले चार वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए सत्र 2023-27 में संबंधन प्रदान किया गया था। उन्हें दो सत्रों के लिए संबंधन दिया गया था। इस आधार पर सत्र 2024-28 में भी वहां नामांकन की प्रक्रिया हुई, लेकिन नए सत्र में संबंधन पर अब तक कोई निर्णय नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कालेज संचालक लगातार विश्वविद्यालय में पहुंचकर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत करा रहे हैं। विश्वविद्यालय से अधिकारी ने बताया कि कालेज लगातार संपर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत करा रहे हैं।

**शिक्षा विभाग की देरी का खामियाजा भुगतेंगे विद्यार्थी और कालेज :** शिक्षा विभाग की देरी का खामियाजा छात्र-छात्राओं से लेकर कालेज संचालकों तक को भुगतना पड़ रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-29 के लिए शिक्षा विभाग के स्तर से संबंधन संबंधित प्रस्ताव की प्रक्रिया देर से शुरू हुई। नए सत्र के लिए 15 सितंबर से शुरू होने वाली आवेदन प्रक्रिया नवंबर के आखिरी दिनों में शुरू हुई। संबंधन पोर्टल के मेंटिनेंस के नाम पर देरी हुई। इसके बाद कालेजों ने आवेदन किया। राज्य सरकार के स्तर से 20 मार्च तक विश्वविद्यालय के विभिन्न विधायी निकायों से संबंधन संबंधी प्रस्ताव पारित कराते हुए राज्य सरकार को भेजना था। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में देर से प्रक्रिया शुरू होने के कारण प्रशासन के स्तर से एक महीने का एक्सटेंशन मांगा गया। विस्तारित अवधि की समयसीमा 20 अप्रैल यानी रविवार को समाप्त हो गई है। इस बीच नए सत्र के लिए स्नातक के लिए नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित नहीं किए जाने के कारण अब तक वहां से संबंधन पर कोई भी दिशानिर्देश अप्राप्त है। ऐसे में कालेजों की गलती नहीं होने के कारण भी ये नामांकन प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं।

**अब हर प्रखंड में एक कालेज अनिवार्य :** पिछले दिनों राज्य सरकार की ओर से जारी निर्देश के तहत अब हर ब्लाक में एक महाविद्यालय की स्थापना होनी है। ये कालेज सरकारी या निजी हो सकते हैं। जिन कालेजों ने सत्र 2025-29 के लिए आवेदन किया है। इसमें अधिकतर कालेज अपने-अपने ब्लाक के इकलौते कालेज हैं। ऐसे में संबंधन संबंधी प्रस्ताव पर निर्णय नहीं होने के कारण इन ब्लाक के विद्यार्थियों को नामांकन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विश्वविद्यालय के एक्ट के अनुसार प्रदत अधिकारों के प्रयोग करते हुए सीनेट की ओर से अनुमोदित प्रस्तावित महाविद्यालयों में नामांकन के लिए तत्काल इन्हें पोर्टल पर जोड़ा जा सकता है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:21.04.2025, PAGE-04**

# पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा आज से शुरू

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा सोमवार से शुरू होगी. परीक्षा को लेकर विवि की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. पहली पाली सुबह 9 से 12 बजे व दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी. पहली पाली में ग्रुप ए, सी, इ व जी की परीक्षा होगी. वहीं दूसरी पाली में ग्रुप बी, डी, एफ व एच की परीक्षा होगी. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि सत्र 2023 - 25 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा सोमवार से शुरू होगी. परीक्षा 25 मई तक चलेगी. इसके लिए विवि के नये और पुराने परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है. परीक्षा में आठ हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे. विवि के तहत आने वाले सभी जिलों के विद्यार्थी यहीं परीक्षा देंगे.

- आठ हजार से अधिक स्टूडेंट्स होंगे शामिल
- नये व पुराने परीक्षा भवन को बनाया है केंद्र

**Ref:....................** **Date:.........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 21.04.2025, PAGE-04




विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते वीसी व अन्य.

# विद्यार्थी व शिक्षक हर रविवार को चलाएंगे स्वच्छता अभियान

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- गेस्ट हाउस से वीसी ने अभियान की शुरुआत की
- विवि और कॉलेजों में चलेगा सफाई का अभिनव प्रयास

बीआरएबीयू में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया. यह अभियान विवि के विभिन्न स्थलों सहित अंगीभूत महाविद्यालय में स्थित विभिन्न एनएसएस इकाइयों द्वारा प्रत्येक रविवार को चलाया जायेगा.

कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की. कहा कि स्वच्छता सबसे अहम आदत है. इसे हर किसी को अपनाना चाहिये. स्वच्छता से कार्यों में उत्पादकता बढ़ती है.विवि में एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ अनुराधा पाठक ने अभियान का संचालन किया. जागरूकता अभियान अतिथि भवन (गेस्ट हाउस) से शुरू हुआ. एलएस कॉलेज, एमडीडीएम कॉलेज व आरबीबीएम कॉलेज के 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया. इस दौरान गेस्ट हाउस के इंचार्ज डॉ अमर बहादुर शुक्ला, डॉ अशोक निगम, डॉ शारदानंद साहनी आदि उपस्थित थे.